# प्रदेश में 2 दिन तेज बारिश की संभावना जयपुर समेत 11 जिलों के लिए अलर्ट

## न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे आया, फतेहपुर, बारां में रात में सर्दी तेज

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**



राजस्थान में उत्तरी हवा के असर से सुबह-शाम की ठंडक बरकरार है। राज्य के तीन शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। प्रदेश में अगले दो दिन इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान है। 2 अप्रैल से राजस्थान में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। इसके असर से प्रदेश में 2 से 4 अप्रैल के बीच बादल छाने और बारिश होने की संभावना है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने 2 अप्रैल को 7 जिलों और 3 अप्रैल को 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के अधिकांश शहरों का मौसम ड्राय रहा। इस दौरान उत्तरी हवा शनिवार की तुलना में रविवार को थोड़ी कमजोर रही। इसके चलते कई शहरों के दिन के तापमान में 1 से लेकर 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज हुआ। कल दिन में सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 37.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चित्तौड़गढ़ में कल दिन का अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस, कोटा में 36, सीकर में 32, पिलानी में 35, अजमेर में 33.6, जोधपुर, जैसलमेर में 35.8, बीकानेर में 35.2, चूरू में 34.4 और श्रीगंगानगर में 34.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में कल दिनभर आसमान साफ रहा, लेकिन शाम होने के साथ हल्के बादल छा गए। जयपुर में कल दिन में गर्मी कम रही और अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिन में गर्मी कम रहने और सुबह-शाम ठंडी हवा चलने के कारण कल फतेहपुर, बारां, माउंट आबू में रात में सर्दी तेज रही। इन शहरों में कल न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान फतेहपुर (सीकर) में 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसके अलावा माउंट आबू (सिरोही) में 9.4 और बारां में 9.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### 6 राज्यों में आंधी-बारिश, 2 में लू का अलर्ट

मौसम विभाग ने बताया है कि सोमवार को पश्चिम बंगाल और गुजरात के बड़े हिस्से में लू चलने की संभावना है। वहीं महाराष्ट्र, गोवा, केरल समेत 6 राज्यों में तेज बारिश की संभावना है। नॉर्थ-ईस्ट के कुछ राज्यों में भी बारिश होने का अनुमान है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा के कुछ हिस्सों में हल्के बादल छाए रहेंगे। यहां 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। इससे सुबह-शाम के वक्त तापमान में गिरावट हो सकती है। राजस्थान में 2 अप्रैल को 7 जिलों और 3 अप्रैल को 11 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच, ओडिशा और वेस्ट बंगाल के कई इलाकों में रविवार को गर्म हवा चली। जबकि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस पार कर गया।

# अब नारायण सिंह सर्किल पर नहीं रुकेंगी बसें

## दिल्ली-आगरा जाने वाले यात्रियों के लिए नया बस स्टैंड बनाया गया



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

जयपुर में 1 अप्रैल से नारायण सिंह सर्किल पर बसों का ठहराव पूरी तरह बंद हो जाएगा। दिल्ली और आगरा जाने वाले यात्री अब ट्रांसपोर्ट नगर स्थित झालाना बस डिपो से बस पकड़ सकेंगे। वहीं, प्राइवेट बसों का संचालन बजरी मंडी स्थित जेडीए पार्क से किया जाएगा। सिंधी कैंप बस स्टैंड के चीफ मैनेजर राकेश राय ने बताया कि सरकार के आदेश के अनुसार 1 अप्रैल से सभी सरकारी बसें नारायण सिंह सर्कल की जगह ट्रांसपोर्ट नगर स्थित झालाना बस डिपो से रवाना होंगी। इसके लिए रोडवेज ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। हालांकि, झालाना बस डिपो के अंदर सिर्फ सरकारी बसों को ही प्रवेश मिलेगा।

दिल्ली जाने वाली रोडवेज और प्राइवेट बसें अब बजरी मंडी से चलेंगी। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर जाने वाली 7 सुपर डीलक्स बसों का संचालन भी यहीं से किया जाएगा। सभी प्राइवेट बसें बजरी मंडी स्थित जेडीए पार्क से रवाना होंगी। राकेश राय ने बताया कि जेडीए की ओर से बजरी मंडी में स्थित पार्क को बस स्टैंड के रूप में विकसित किया जाएगा। इस स्थान पर यात्रियों के लिए जरूरी सुविधाएं जेडीए द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी।

**नारायण सिंह सर्कल बना नो पार्किंग जोन :** आरटीओ प्रथम के अधिकारी राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया- 1 अप्रैल से नारायण सिंह सर्कल को नो पार्किंग जोन घोषित कर दिया गया है। यहां अब किसी भी बस का ठहराव प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई बस सवारी उतारती या चढ़ाती है तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। आरटीओ ने पहले ही सभी परमिट धारकों को नोटिस जारी कर दिया है। अब बसों के परमिट में लाल निवास की जगह बजरी मंडी का अंकन किया जाएगा। इस बदलाव के लिए 30 मार्च को आरटीओ प्रथम कार्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक एक दिवसीय कैंप लगाया गया था।

**रोडवेज फैडरेशन का विरोध, नया बस स्टैंड बनाने की मांग :** राजस्थान रोडवेज फैडरेशन ने बसों के संचालन को ट्रांसपोर्ट नगर शिफ्ट करने का विरोध किया है। फैडरेशन का कहना है कि इससे रोडवेज की आय प्रभावित होगी और यात्रियों को भी असुविधा होगी। फैडरेशन ने मांग की है कि ट्रांसपोर्ट नगर की बजाय स्मृति वन में नया बस स्टैंड बनाया जाए। फैडरेशन के महामंत्री सत्यनारायण शर्मा ने इस संबंध में मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने 2018 में लिए गए एक फैसले को लागू करने की अपील की है, जिसमें रोडवेज को स्मृति वन में 6,372 वर्ग मीटर जमीन देने की घोषणा की गई थी।


## अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में लगी आग

**नर्मदापुरम (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में इटारसी के पास चलती ट्रेन की बोगी में आग लग गई। ये घटना सोमवार दोपहर करीब 4 बजे इटारसी और बानापुरा के बीच में खुटवासा रेलवे स्टेशन के पास की बताई जा रही है। घटना अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में हुई है।

अहमदाबाद से चलकर बरौनी जाने वाली ये ट्रेन दोपहर करीब 2 बजे खंडवा से इटारसी की ओर रवाना हुई थी। धरमकुंडी स्टेशन निकलने के बाद खंबा नंबर 724/12 के पास ट्रेन गार्ड ने धुआं निकलते देखा। जिसके बाद ट्रेन को अचानक रोका गया। ट्रेन के रुकने और आग की सूचना से यात्रियों में हड़कंप मच गया। आग लगने के बाद ट्रेन करीब सवा घंटे तक खड़ी रखी। बाद में आग वाले कोच को अलग कर ट्रेन को रवाना कर दिया गया। आग बुझाने की कोशिशें जारी है। आग लगने की इस घटना के कारण खंडवा से इटारसी आने वाला रेलवे डाउन ट्रैक पर यातायात बंद हो गया।

## धीरेंद्र शास्त्री बोले- एक आंटी ने शादी का प्रस्ताव दिया

*__छतरपुर (मध्य प्रदेश)।__ बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एक न्यूज चैनल पर अपनी शादी की योजनाओं पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वे शादी करेंगे। उन्हें ऐसा जीवनसाथी चाहिए जो उन्हें और उनके परिवार को समझ सके। शास्त्री ने कहा कि उन्हें वाइफ नहीं, अर्धांगिनी चाहिए। उन्होंने शादी के कुछ प्रपोजल के किस्से भी साझा किए। इस दौरान बताया कि 40-42 साल की एक महिला ने तो अपने पति को तलाक देकर उनसे शादी का प्रस्ताव रखा था। एक और चौंकाने वाली घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक महिला भक्त ने तीन साल से पूजा और व्रत रखने का हवाला देते हुए शादी की मांग की।*



## दुनिया के सबसे ऊंचे रेल ब्रिज का उद्घाटन 19 को

**श्रीनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर जाएंगे। सबसे पहले वे उधमपुर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे कटरा पहुंचकर जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल जम्मू रेलवे स्टेशन पर मरम्मत का काम चल रहा है, इस वजह से ट्रेन सेवा अस्थायी रूप से कटरा से शुरू की जा रही है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद अगस्त से यह ट्रेन जम्मू से चलना शुरू करेगी। कटरा- श्रीनगर पर ट्रेन का ट्रायल 25 जनवरी को किया गया था, जो सफल रहा। ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा से रवाना हुई और 11 बजे कश्मीर के अंतिम स्टेशन श्रीनगर पहुंची।



## बिजनेस

**यह पॉलिसी वर्ष में आपके मेडिकल खर्चों के लिए कंपनी द्वारा भुगतान वाली राशि को दर्शाता है**

# हेल्थ इंश्योरेंस में सम इंश्योर्ड की आवश्यक भूमिका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंश्योरेंस में जानने लायक सबसे महत्वपूर्ण शब्द है 'सम इंश्योर्ड, हेल्थ इंश्योरेंस के संदर्भ में यह सबसे खास है'। यह एक पॉलिसी वर्ष में आपके मेडिकल खर्चों के लिए आपकी इंश्योरेंस कंपनी द्वारा भुगतान की जाने वाली अधिकतम राशि को दर्शाता है। अपने सम इंश्योर्ड को निर्धारित करना महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इससे आपको पता चलता है कि कोई बीमारी या एमरजेंसी का सामना होने पर आपके पास कितना कवरेज होगा।

हेल्थकेयर की लागत बढ़ रही है, ऐसे में सही सम इंश्योर्ड होने से आप मेडिकल ट्रीटमेंट पर आने वाले अधिक बिल से बच सकते हैं। हममें से बहुत से लोगों को सही कवरेज चुनना काफी मुश्किल लगता है। बुनियादी बातों को समझकर, आप अपने हेल्थ इंश्योरेंस कवरेज के बारे में स्मार्ट निर्णय ले सकते हैं। इससे सुनिश्चित होता है कि आपके पास मेडिकल खर्चों को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए पर्याप्त फाइनेंशियल सहायता होगी। इसलिए, सही सम इंश्योर्ड होने का मतलब है अप्रत्याशित हेल्थकेयर खर्चों के बारे में अधिक चिंता से मुक्ति।

**1. पर्याप्त हेल्थकेयर कवरेज लें :** अपने हेल्थ इंश्योरेंस के लिए सही सम इंश्योर्ड चुनना महत्वपूर्ण है। अगर आप बहुत कम सम इंश्योर्ड चुनते हैं, तो आपको मेडिकल बिल के लिए अतिरिक्त भुगतान करना पड़ सकता है और अगर आप इसे बहुत अधिक पर सेट करते हैं तो आपको जरूरी से अधिक प्रीमियम का भुगतान करना पड़ सकता है। सबसे अच्छा तो यह होगा कि आप ऐसा सम इंश्योर्ड चुनें, जो आपकी ज़रूरतों को प्रभावी रूप से कवर भी करे और बहुत अधिक महंगा भी न हो। इस तरह, आप बहुत अधिक प्रीमियम का भुगतान करने से बचते हुए यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपके पास अपने स्वास्थ्य खर्चों के लिए पर्याप्त सुरक्षा हो। सही संतुलन की तलाश करने से आपको फाइनेंशियल रूप से सुरक्षित रहने और किसी भी अप्रत्याशित मेडिकल खर्च या बीमारियों के लिए तैयार रहने में मदद मिलेगी। इससे आप बेफिक्र रहेंगे।

**2. मन की शांति :** सही सम इंश्योर्ड होने से आपको मन की शांति मिलती है। आप मेडिकल बिलों की चिंता किए बिना बेहतर होने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। पर्याप्त कवरेज के साथ, आप लागत के बारे में सोचे बिना सर्वश्रेष्ठ हेल्थकेयर चुन सकते हैं। यानी, यह जानते हुए अपनी रिकवरी पर ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं कि आप अप्रत्याशित खर्चों से सुरक्षित हैं।

**3. गंभीर बीमारियों के लिए कवरेज :** गंभीर रोगों का सामना करते समय, इलाज का खर्च बहुत अधिक हो सकता है। कैंसर या हृदय रोग जैसी बीमारियों के लिए अक्सर महंगे उपचारों और हॉस्पिटल में लंबे समय तक रहने की आवश्यकता होती है। इसलिए अधिक सम इंश्योर्ड होना महत्वपूर्ण है।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने 'जीवन अच्छा है जब जीवन साझा किया जाए' शुरू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने 'जीवन साझा करने पर जीवन अच्छा है' थीम के तहत एक प्रेरणादायक राष्ट्रव्यापी रक्तदान पहल शुरू की है। स्वैच्छिक रक्तदान के आह्वान से कहीं अधिक, यह अभियान जरूरतमंद लोगों के लिए एकजुटता और देखभाल की एक शक्तिशाली अभिव्यक्ति है। ये शिविर एक बढ़ती पहल का हिस्सा हैं जिसने पहले ही उल्लेखनीय प्रभाव डाला है - 120 से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित किए गए हैं, 23 मार्च, 2025 तक 12,500+ पंजीकृत दाताओं से 10000 यूनिट से अधिक रक्त एकत्र किया गया है। 'जीवन अच्छा है जब जीवन साझा किया जाता है' अभियान एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित करता है एक राष्ट्रव्यापी प्रभाव: हजारों लोगों की जान बचाई गई इस आंदोलन ने पूरे भारत में समुदायों को एकजुट किया है, विशेष रूप से छात्रों, शिक्षकों और एनएसएस सदस्यों को जीवन-रक्षक दान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया है। 'जीवन तभी अच्छा है जब जीवन साझा किया जाए' अभियान के माध्यम से, एलजी ने हजारों लोगों को योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया है, जिससे यह देश की सबसे बड़ी कॉर्पोरेट-संचालित रक्तदान पहल में से एक बन गई है। एक बढ़ता हुआ आंदोलन: पूरे भारत में रक्तदान शिविर यह पहल दूर-दूर तक फैल गई है, सूरत, मैंगलोर, बैंगलोर, रायपुर, अमृतसर, दिल्ली और गोरखपुर जैसे प्रमुख शहरों में पहले से ही शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। आगामी शिविर प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में निर्धारित हैं।

## बॉश लिमिटेड को 20 करोड़ का मिला टैक्स डिमांड नोटिस

### कंपनी ने कहा- नोटिस के खिलाफ अपील करेंगे, 6 महीने में 25.16 प्रतिशत गिरा शेयर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जर्मनी बेस्ड टेक्नोलॉजी और सर्विसेज फर्म बॉश लिमिटेड 20 करोड़ रुपए का टैक्स डिमांड नोटिस मिला है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने असेसमेंट ईयर 2022-23 के लिए ये नोटिस भेजा है। कंपनी ने सोमवार को एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी है। कंपनी ने बताया कि असेसमेंट आर्डर में 18.36 करोड़ रुपए का टैक्स और 1.80 करोड़ रुपए का ब्याज शामिल है। बॉश लिमिटेड ने कहा कि वे इस नोटिस के खिलाफ कोर्ट में अपील करेंगे। कंपनी ने बताया टैक्स भुगतान में हुई देरी अनजाने में हुई है। जैसे ही इसकी सूचना मिली, इसे तुरंत रिपोर्ट किया गया है। बॉश ने यह भी स्पष्ट किया कि इस आदेश में किसी भी प्रकार का जुर्माना नहीं लगाया गया है। बॉश लिमिटेड का शेयर शुक्रवार 28 मार्च को 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 28,200 रुपए पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में शेयर ने 6.24 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं पिछले एक साल में शेयर में 6.88 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। बॉश लिमिटेड का मार्केट कैपिटल 83.49 हजार करोड़ है।




## स्पोर्ट्स

# लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स का मुकाबला आज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स मंगलवार को लखनऊ में इस सीजन अपना पहला मैच खेलने को तैयार है। पंजाब किंग्स की मजबूत टीम के सामने एलएसजी में निकोलस पूरन पर सभी की निगाहें होगी। एलएसजी इस सीजन पहली बार अपने घर में खेलने जा रही है। शार्दुल ठाकुर ने पिछले मैच में चार विकेट लिए थे, जिन पर इस मैच में भी नजर बनी रहेंगी। वहीं रवि बिश्नोई भी अभी तक अधिक प्रभावी साबित नहीं हो पाए हैं। एलएसजी को अगर जीत दर्ज करनी है तो इनका चलना भी काफ़ी अहम होगा।




: पीबीकेएस की बात करें तो नए कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पिछले मैच में टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। इसके अलावा उनके पास ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस की भी सेवाएं रहेंगी। तो स्पिनर के तौर पर उनके पास युजवेंद्र चहल हैं, जो कभी भी मैच को पलटने का दमखम रखते हैं।

**पिच कैसी रहेगी :** लखनऊ में काली और लाल दोनों तरह की मिट्टी की पिचें हैं। यह देखना होगा कि मैच किस पिच पर होता है। अगर काली मिट्टी की पिच पर मैच होता है तो यहां पर गेंद को कम उछाल मिलता है और स्पिन भी कम देखने को मिलती है। वहीं दूसरी ओर लाल मिट्टी की पिच पर अच्छा खासा बाउंस मिलता है और यहां पर टर्न भी देखने को मिलता है।

**लखनऊ सुपर जायंट्स टीम :** 1 ऐडन मारक्रम, 2 मिचेल मार्श, 3 निकोलस पूरन, 4 ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), 5 आयुष बदोनी, 6 डेविड मिलर, 7 शार्दुल , 8 शहबाज अहमद, 9 रवि बिश्नोई, 10 प्रिंस यादव, 11 दिग्वेश राठी, 12 आकाश सिंह।

**पंजाब किंग्स टीम :** प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, श्रेयस अय्यर (कप्तान), अजमतुल्लाह ओमरजई, ग्लेन मैक्सवेल, स्टॉयनिस, शशांक सिंह, सूर्यांश शेडगे, मार्को यानसन, चहल, अर्शदीप सिंह।

## जोकोविच को हरा जैकब ने जीता मियामी ओपन

### यह खिताब जीतने वाले सबसे युवा टेनिस खिलाड़ी, अपना पहला एटीपी टाइटल भी किया हासिल

*__नई दिल्ली (एजेंसी)।__ चेक रिपब्लिक के टेनिस खिलाड़ी जैकब मेनसिक ने सोमवार को मियामी ओपन टाइटल जीत लिया है। जैकब यह टाइटल जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। ये 19 साल के जैकब की पहली एटीपी ट्रॉफी भी है। उन्होंने फाइनल में पहली सीड सर्बिया के नोवाक जोकोविच को 7-6 (4), 7-6 (4) से हराया। उन्हें 9.4 करोड़ की इनाम राशि मिली। इससे पहले मेनसिक को पिछले साल अक्टूबर में शंघाई मास्टर्स में तीन सेटों से जोकोविच से हार मिली थी। मेनसिक ने टाइटल जीतने के बाद कहा, जोकोविच के खिलाफ मैं यह मैच बहुत नर्वस होकर खेला था।*



***जोकोविच ने 2007 में पहला मियामी ओपन जीता, मेनसिक 2 साल के थे :*** *नोवाक जोकोविच मियामी ओपन का फाइनल इस बार हार गए हैं। जोकोविच इस टाइटल को 6 बार जीत चुके हैं। जब 2007 में उन्होंने पहली बार ये ट्रॉफी जीती थी तब मेनसिक केवल 2 साल के थे।*

## रियान पराग पर 12 लाख रुपए का जुर्माना

### चेन्नई के खिलाफ स्लो ओवर रेट की सजा मिली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर स्लो ओवर रेट के लिए बीसीसीआई ने 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। आरआर ने 30 मार्च को गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सीजन का 11वां मैच खेला था। इसमें राजस्थान की टीम दूसरी पारी में फिल्डिंग करने उतरी थी। टीम निर्धारित समय में 20 ओवर नहीं फेंक पाई थी। इसके बाद भी राजस्थान ने अपनी पहली जीत दर्ज कर ली थी। टीम ने सीएसके को 6 रन से हराया था। यह आईपीएल 2025 का दूसरा स्लो ओवर रेट का मामला है। इससे पहले मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर भी गुजरात टाइटंस के खिलाफ इसी वजह से 12 लाख का फाइन लगाया गया था। इसी वजह से उनकी टीम को मैच के आखरी ओवर में 30 यार्ड सर्कल में एक फील्डर ज्यादा रखना पड़ा था।



18वें सीजन से बीसीसीआई ने कप्तान पर मैच का बैन लगाने वाले नियम को हटा दिया है। अब स्लो ओवर रेट के कारण टीम के कप्तान पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। अब केवल मैच फीस का फाइन और फील्डिंग प्रतिबंध ही लागू किए जा रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक मोहन शर्मा के लिए ए-9, प्रथम तल, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से प्रकाशित एवं मोहन शर्मा एण्ड कंपनी प्रा.लि. ए-9, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र जयपुर से मुद्रित। संपादक : अरुज मोहन भारद्वाज, संपादकीय प्रभारी : फूलचन्द बिलोनिया*
मो. 98875-21440, फोनः 2210316 फैक्स-2210022, अखबार प्राप्त करने के लिए : 2210316 आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2005/15194 e-mail: morningnews22@gmail.com/editorial.morningnews@gmail.com
*पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेदार।